Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9815619715
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper
Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779




Wed - 13 May - 2026 | Year - 01 | Issue - 37 | Page - 01 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

## ट्राइसिटी में बदला मौसम, तेज आंधी-बारिश का येलो अलर्ट जारी



चंडीगढ़, मोहाली और पंचकूला में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) ने ट्राइसिटी क्षेत्र के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए अगले कुछ दिनों तक तेज आंधी, बारिश और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने की संभावना जताई है। मौसम में आए इस बदलाव से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है और तापमान में गिरावट दर्ज की गई है।

हालांकि प्रशासन ने खराब मौसम को देखते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। विशेष रूप से पेड़ों, पुराने भवनों और कमजोर ढांचों के आसपास खड़े न होने की अपील की गई है। अधिकारियों का कहना है कि तेज हवाओं के कारण बिजली आपूर्ति और यातायात भी प्रभावित हो सकता है। मौसम विभाग ने लोगों से जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलने और मौसम अपडेट पर नजर बनाए रखने को कहा है।

## पंचकूला में 14 मई को होगी राज्य स्तरीय फ्लड मॉक ड्रिल



पंचकूला में 14 मई को राज्य स्तरीय फ्लड मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी, जिसके लिए प्रशासन और विभिन्न विभागों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस अभ्यास में पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, दमकल विभाग, एनडीआरएफ, नगर निगम और अन्य एजेंसियां भाग लेंगी। मॉक ड्रिल का उद्देश्य बाढ़ जैसी आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों की क्षमता, संसाधनों और विभागों के बीच तालमेल की जांच करना है।

प्रशासन ने बताया कि ड्रिल के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों का वास्तविक अभ्यास किया जाएगा, ताकि किसी भी प्राकृतिक आपदा के समय तुरंत और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों के अनुसार मानसून सीजन को देखते हुए यह अभ्यास बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

्रिल के दौरान कुछ क्षेत्रों में यातायात प्रभावित हो सकता है, इसलिए लोगों से सहयोग की अपील की गई है।

# अंधविश्वास और शोर प्रदूषण के खिलाफ तर्कशीलों की आवाज़ तेज



मोहाली, 13 मई। तर्कशील सोसाइटी पंजाब की मोहाली इकाई ने जिला प्रशासन को मांग पत्र सौंपकर केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 तथा शोर प्रदूषण (रेगुलेशन एंड कंट्रोल) नियम 2000 के तहत गठित जिला स्तरीय मॉनिटरिंग समितियों में संस्था के प्रतिनिधियों को शामिल करने की मांग उठाई है। यह मांग पत्र डिप्टी कमिश्नर मोहाली को सौंपा गया।

संस्था के संगठनात्मक प्रमुख सुरजीत सिंह ने कहा कि तर्कशील सोसाइटी पिछले 42 वर्षों से भारतीय संविधान की धारा 51-ए (एच) के अनुरूप समाज में वैज्ञानिक सोच और तार्किक चेतना विकसित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने बताया कि संस्था अंधविश्वास, पाखंड, नशाखोरी, दहेज प्रथा, जात-पात, सांप्रदायिकता और अन्य सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाती आ रही है।

सोसाइटी के मीडिया प्रमुख डॉ. मजीद आज़ाद ने आरोप लगाया कि कुछ टीवी चैनल और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया संस्थान अंधविश्वास और गैर-वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों का प्रसारण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पाखंडी बाबाओं, तांत्रिकों और ज्योतिषियों के भ्रामक विज्ञापनों के जरिए लोगों का आर्थिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है, जो कानून का खुला उल्लंघन है।

मांग पत्र में सरकार और जिला प्रशासन से ऐसी गैर-कानूनी गतिविधियों पर सख्ती से रोक लगाने की अपील की गई है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकरों, पटाखों और प्रेशर हॉर्नों से होने वाले शोर पर प्रभावी प्रतिबंध लागू करने की मांग भी उठाई गई।

संस्था ने कहा कि लगातार बढ़ता शोर प्रदूषण लोगों की मानसिक और शारीरिक सेहत पर गंभीर असर डाल रहा है। ऐसे में प्रशासन को कानूनों का सख्ती से पालन सुनिश्चित करना चाहिए ताकि आम जनता को राहत मिल सके और वैज्ञानिक सोच को बढ़ावा दिया जा सके।

## चप्पड़चिड़ी के ऐतिहासिक मैदान में गूंजा फतेह का जयकारा, विशाल फतेह मार्च का फूलों की वर्षा।

मोहाली। ऐतिहासिक स्थल चप्पड़चिड़ी युद्ध स्मारक में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान पंजाब के कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने विशेष तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर बाबा बंदा सिंह बहादुर इंटरनेशनल फाउंडेशन चंडीगढ़ की अगुवाई में निकाले गए विशाल फतेह मार्च का फूलों की वर्षा, लड्डू वितरण और फतेह के जयकारों के साथ गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

फाउंडेशन के प्रधान हरिंदर सिंह हंस तथा महासचिव बूटा सिंह बैरागी की अगुवाई में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और संगत ने भाग लिया। रकबा भवन से चप्पड़चिड़ी तक निकाले गए फतेह मार्च का नेतृत्व फाउंडेशन के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार बावा ने किया। मार्च में रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी इकबाल सिंह गिल, जसवंत सिंह छापा, मलकीत सिंह दाखा, सोनिया अरोड़ा, तरनजीत सिंह निमाणा सहित कई प्रमुख हस्तियां शामिल रहीं।

निहंग सिंहों ने अपने पारंपरिक युद्ध कौशल गतका का प्रदर्शन कर माहौल को जोशीला बना दिया। वहीं ढाढी



जत्थे के बलदेव सिंह ने बाबा बंदा सिंह बहादुर की वीरता से जुड़ी वारें प्रस्तुत कर संगत को भावुक कर दिया। घोड़ों पर करतब और पवित्र पालकी की अगुवाई ने पूरे आयोजन को ऐतिहासिक रंग में रंग दिया। यह विशाल मार्च समाजसेवी एस.पी. सिंह ओबराय द्वारा रवाना किया गया था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर इंटरनेशनल फाउंडेशन समाज को इतिहास और विरासत से जोड़ने का सराहनीय कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर ने किसानों और आम लोगों को जमीनों का मालिक बनाया तथा पहले सिख लोक राज की नींव रखी। उन्होंने लोगों से बाबा जी के जीवन से जुड़े महत्वपूर्ण दिवसों—16 अक्टूबर (जन्म दिवस), 3 दिसंबर (मिलाप दिवस), 12 मई (सरहिंद फतेह दिवस) और 9 जून (शहीदी दिवस)—को श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाने की अपील की।

समारोह के दौरान 11 प्रमुख शख्सियतों को "बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल अवार्ड" देकर सम्मानित किया गया। इनमें विश्व प्रसिद्ध कलाकार आर.एम. सिंह, बाबा भूपिंदर सिंह पटियाला, हरिंदर सिंह हंस, इकबाल सिंह गिल, राजिंदर सिंह कुराली, हरप्रीत सिंह बंटी सहित कई नाम शामिल रहे।अंत में कृष्ण कुमार बावा ने पंजाब सरकार से 9 जून को बाबा बंदा सिंह बहादुर के शहीदी दिवस पर सरकारी छुट्टी घोषित करने की मांग दोहराई और कार्यक्रम में पहुंचे सभी लोगों का धन्यवाद किया।

## GMCH-32 और सेक्टर-48 अस्पताल की OPD टाइमिंग बदली, 16 मई से नया शेड्यूल लागू




चंडीगढ़ प्रशासन ने बढ़ती गर्मी और मरीजों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए Government Medical College and Hospital सेक्टर-32 और Civil Hospital Sector 48 की ओपीडी सेवाओं के समय में बदलाव करने का फैसला लिया है। नया शेड्यूल 16 मई से लागू होगा। प्रशासन का कहना है कि गर्मियों के मौसम में तेज धूप और बढ़ते तापमान के कारण मरीजों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को राहत देने के उद्देश्य से यह निर्णय लिया गया है।

नए आदेशों के अनुसार अब ओपीडी पंजीकरण सुबह 7 बजे से शुरू होगा, ताकि मरीज जल्दी अस्पताल पहुंचकर समय पर जांच और उपचार करवा सकें। अस्पताल प्रशासन ने बताया कि गर्मियों में सुबह के समय मरीजों की संख्या अधिक रहती है और दोपहर तक तापमान काफी बढ़ जाता है। ऐसे में नई टाइमिंग से मरीजों को धूप और गर्म हवाओं से बचाने में मदद मिलेगी।

अस्पताल सूत्रों के अनुसार ओपीडी सेवाएं अब पहले की तुलना में अधिक जल्दी शुरू होंगी। डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को भी नए समय के अनुसार अपनी ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रशासन ने कहा है कि सभी विभागों में मरीजों को पहले की तरह सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी और इलाज की प्रक्रिया में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि हर वर्ष गर्मियों के मौसम में अस्पतालों में मरीजों की भीड़ बढ़ जाती है। विशेष रूप से डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक, वायरल बुखार और अन्य मौसमी बीमारियों के मामले सामने आते हैं। ऐसे में सुबह जल्दी ओपीडी शुरू होने से मरीजों को लंबी कतारों और भीषण गर्मी से राहत मिलेगी।

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अस्पताल आने से पहले नए समय की जानकारी अवश्य लें और निर्धारित समय के अनुसार ही पहुंचें। साथ ही मरीजों को पर्याप्त पानी पीने, धूप से बचाव करने और जरूरत पड़ने पर ही अस्पताल आने की सलाह दी गई है।

चंडीगढ़ के दोनों प्रमुख सरकारी अस्पतालों में लागू होने वाला यह नया शेड्यूल मरीजों के लिए राहत भरा कदम माना जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन अधिक व्यवस्थित होगा।



# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

Pure Spice. Rich Flavour.




**PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY**

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

727-515-0015